आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :320 पृष्ठ -4 दिनांक 23 नबम्बर 2024 दिन शनिवार

# मुलायम सिंह की जयंती पर छोटी बहू अपर्णा यादव ने किया नेताजी को याद

## अपर्णा यादव ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को गरीबों का नेता बताया और कहा कि उन्होंने हमेशा गरीब और दबे कुचले समाज के हक में चिंतन किया

सैफई न्यूज समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आज जयंती है. इस मौके पर बीजेपी नेता और मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव ने उन्हें याद किया है. अपर्णा ने उन्हें गरीबों का नेता बताया और कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों, दबे कुचलों के लिए काम किया, उनकी आवाज उठाई. अपर्णा यादव ने अपने आधिकारिक सा. `शल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुलायम सिंह और पूरे परिवार के साथ तस्वीर शेयर की. इस तस्वीर में उनकी सास साधना गुप्ता और उनकी दोनों बेटियां दिखाई दे रही हैं. इस तस्वीर को शेयर करते हुए अपर्णा ने मुलायम सिंह यादव का नमन किया. मुलायम सिंह को याद करते हुए ये लिखा बीजेपी नेता अपर्णा यादव ने एक्स पर लिखा, नेताजी का



जीवन संघर्ष की कहानी है. उन्होंने हमेशा दबे कुचले, गरीबों के हक में बात कही है. आप मेरे लिये प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे. आपके चिंतन ने मुझे हमेशा प्रभावित किया है, मैं आपके सदैव ऋणी रहूंगी. पिताजी आप हमेशा सब के दिलों में बस्ते हैं. नेताजी के जयंती पर शत शत नमन. सैफई में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित बता दें कि आज मुलायम सिंह यादव की जयंती पर यूपी में सपा नेताओं ने कई कार्यक्रम रखे हैं. वहीं सैफई में भी एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इस कार्यक्रम में पच्चीस हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद है. आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनकी समाधि स्थल के पास भव्य स्मारक का शिलान्यास किया.सीएमयोगी आदित्यनाथ ने भी किया याद मुलायम सिंह यादव कीजयंती पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी उन्हें याद किया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि. यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक व वरिष्ठ राजनेता एवं पद्म विभूषण से सम्मानित उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर उन्हें शत–शत नमन.

## मक्का की मस्जिदों का संभल मस्जिद विवाद के बीच यति नरसिंहानंद का बड़ा बयान

यूपी के संभल में स्थित शाही जामा मस्जिद को लेकर विवाद पर जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने से सच्चाई का पता चलेगा कि तुम्हारे बाप–दादाओं ने इस देश के साथ क्या किया है. तुम अकेली ऐसी कौम हो जो सच्चाई सामने आने से डरते हो. संभल की शाही जामा मस्जिद पर हिन्दू पक्ष ने हरिहर मंदिर होने का दावा किया है. ये मामला कोर्ट में चल रहा है. मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश को गंभीर नुकसान हो रहा है. जिस पर महंत यति नरसिंहानंद ने वीडियो जारी करके हमला किया है. मौलाना मदनी के बयान पल. टवार उन्होंने कहा कि संभल के हरिहर मंदिर, जिसे तोड़कर जिहादियों ने मस्जिद बना दी थी, आज वो विवाद उभर आया है और कोर्ट ने इस पूरे परिसर का सर्वे करने आदेश दिया है. 29 नवंबर तक इसकी रिपोर्ट मांगी है. मंगलवार देर शाम कमीशन की टीम ने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मिलकर मस्जिद के अंदर का सर्वे किया है. अब जमीयत उलेमा हिन्द और उसके अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने बयान दिया है कि इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश को गंभीर नुकसान होगा. उन्होंने कहा कि मौलाना मदनी ये डकैतों के एक गिरोह को रिप्रजेंट करता है जिनका काम है हम हिन्दुओं को लूटना, मारना और किसी भी तरह से नरसिंहानंद ने कहा कि मौलाना इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ने से सच्चाई का पता चलेगा, तुमने, तुम्हारे बाप–दादओं ने अरब से आए लुटेरों ने इस देश का साथ, इस देश की संस्कृति के साथ, संपूर्ण मानवता के साथ क्या किया ये पूरी दुनिया को पता चलेगा. सच्चाई के सामने आने से तुम्हें कैसा डर है. दुनिया की एकमात्र तुम ऐसी कौम हो जो सच्च. ाई के सामने आने से डरते हो. अगर सर्वे अरब की मस्जिद, मक्का की मस्जिदों का भी हो जाए ना तो उनके नीचे भी कोई न कोई मंदिर, मठ या कोई न कोई पूजा स्थल निकलने वाला है. इन सर्वे के बाद हमें ये मंदिर मिले न मिले ये तो भगवान जाने, लेकिन इस्लाम का काला सच पूरी दुनिया के सामने आएगा.

उन्होंने कहा कि तुम तो वक्फ के नाम पर हमारे पूरे देश को जहां तुम्हारा जरा भी अधिकार नहीं हैं क्योंकि तुम्हारे बाप–दादा अपना हिस्सा लेकर पाकिस्. तान चले गए थे. फिर भी तुम वक्फ के नाम पर हमें लूटने को तैयार बैठे हो और अगर हम सच को सामने लाने की कोशिश करते हैं तो हमें धमकाते हो..ये जो तुम्हारी धमकी है उसे हम हिन्दू अब समझ गए हैं.

## मथुरा में धर्म संसद का आयोजन, कृष्ण जन्मभूमि परिसर से शाही ईदगाह–मीना मस्जिद हटाने का प्रस्ताव



उत्तर प्रदेश में मथुरा जनपद के वृन्दावन में आयोजित धर्म संसद में धर्म आधारित मांगों के छह प्रस्ताव पारित किए गये. संतों ने सरकार से जल्द ही इन मांगों पर अमल कराने की मांग की है. श्रीकृष्ण साधक ट्रस्ट के सभागार में आयोजित धर्म सभा की शुरुआत करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से संपूर्ण ब्रज मण्डल को तीर्थस्थल घोषित कर अण्डा–मांस–मदिरा आदि की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा.संत स्वामी रमेशानन्द गिरि ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, समान शिक्षा, जनसंख्या नियंत्रण, लव–जिहाद नियंत्रण आदि कानून तत्काल प्रभाव से लागू करने का प्रस्ताव पेश किया. धर्म संसद में शामिल हुए जगन दास राठौर ने कृ ष्ण जन्मभूमि परिसर से शाही ईदगाह एवं मीना मस्जिद को हटाने, वहां हो रही नित्यप्रति की नमाज तुरंत बंद कराने तथा वादियों की मांग के अनुसार शाही ईदगाह का जल्द से जल्द सर्वे कराए जाने की मांग रखी.गाय को राज्य माता का दर्जा प्रदान करने की मांग धर्म संसद की अध्यक्षता कर रहे पीपा द्वाराचार्य बलराम दास ने देशी गाय को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग प्रस्तुत की. उन्होंने कहा कि कम से कम उत्तर प्रदेश सरकार भी महाराष्ट्र के समान ही अपने यहां भी देशी गाय को राज्य माता का दर्जा प्रदान करे. श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति

न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि इन सभी प्रस्तावों को राज्य एवं केंद्र सरकारों को भेजा जाएगा और जल्द से जल्द इन्हें पूरा कराने की मांग की जाएगी.इधर, मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की एकलपीठ ने मामला सुना. कोर्ट ने वाद बिंदु तय करने के लिए सुनवाई की अगली तारीख 28 नवंबर की तारीख तय की है.

## अनार के जूस में मिलाया जा रहा है लाल रंग, बस्ती से सामने आया मिलावट का वीडियो



उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद से मिलावट खोरी का कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है, अनार के जूस में रंग वाला के. मिकल मिलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है. यहां बाजार में बिकने वाले अनार के जूस में असली अनार की जगह लाल मिलाया जा रहा है. जब कुछ लोग दुकान में अनार का जूस पीने पहुंचे तो उनकी नजर रंग वाले कैमिकल पर गई, जिसके बाद सभी हैरान रह गए. दुकानदार ने कैमिकल मिलाने की बात स्वीकार की है.बचपन से हम यही पढ़ते और सुनते आए हैं कि खुद को तंदूरस्त रखने के लिए जूस पीना चाहिये. डॉक्टरों की मानें तो अनार का जूस सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. लेकिन बस्ती जिले से सामने आए इस वीडियो ने बाजार में बिकने जूस की हकीकत सामने ला कर रख दी है. वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के बाद लोग इस पर तरह–तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं. यूजर लिखते हैं कि इस तरह की वीडियो सामने आने के बाद बाहर का जूस पीने की इच्छा नहीं होती है. वायरल वीडियो में क्या है? सोशल मीडिया पर वायरल बस्ती जनपद के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग अनार का जूस पीन के लिए दुकान पर पहुंचते हैं. तभी उनकी नजर दुकान पर रखे कैमिकल पर पड़ती है. वीडियो दुकानदार अपना नाम चंदन बता रहा है. वीडियो में एक शख्स अनार जूस में मिलाने वाला कैमिकल वीडियो में दिखा रहा है. साथ मिलावटी जूस बेच रहे शख्स ने जूस में कैमिकल मिलाने की बात स्वीकार की है.हालांकि मिलावट खोरी का यह पहला मामला नहीं है, ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें खाने पीने की वस्तुओं में मिलावट की जाती रही है. उत्तर प्रदेश की बस्ती का यह अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. हालांकि खबर यह भी है कि इस मामले में पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है.

## सीएम योगी बोले- सिपाही भर्ती में भी 20 प्रतिशत महिलाकर्मियों की होगी भर्ती



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इन वन दरोगाओं में से 140 महिला अभ्यर्थी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।इस दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों का भी वर्णन किया।मुख्यमंत्री योगी ने वन दरोगाओं से कहा कि इस समय पूरी दुनिया पर्यावरण को लेकर चिंतित है। हाल ये है कि कई शहरों में प्रदूषण के कारण स्कूल–कॉलेज तक बंद करने पड़ रहे हैं। ऐसे समय में आप सभी लोगों को जागरुक करके समाज और देश के लिए योगदान कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र में नए प्रयोग करें और अपने विभाग कोसर्वोत्तम बनाने का प्रयास करें।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने सभी बोर्ड और आयोगों को निर्देश दिया था कि भर्ती प्रक्रिया बिना किसी खोट के हो और कहीं भी गड़बड़ी होने पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। यही कारण है कि परीक्षा पूरी होकर नियुक्ति पत्र वितरित हो रहे हैं। पहले यूपी में भर्ती निकलती थी और महाभारत के रिश्ते टपक पड़ते थे। हमने कहा कि भर्ती में किसी के साथ ही भेदभाव नहीं कया जाएगा। इसका परिणाम अब दिख रहा है। अभी कल (बृहस्पतिवार को ) ही पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी हुआ है। आगे के प्रक्रिया पूरी करने के बाद 60 हजार पदों पर पुलिस की भर्ती की जाएगी जिसमें 20 प्रतिशत संख्या महिलाकर्मियों की होगी। हमने बीते साढ़े सात वर्षों में पारदर्शी और शुचितापूर्ण भर्ती की। जब भर्ती इतनी पारदर्शी और शुचिता के साथ सम्पन्न हो रही है तो राज्य की भी अपेक्षाएं आपसे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमतौर पर होता है कि सरकारी कर्मचारी जनता से दूरी बना लेते हैं। वो जनता से संवाद नहीं करते हैं पर जनता से संवाद कर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। लोगों को बताएं कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। लोग प्लास्टिक काउपयोग करके उसे खेतों में और अलग–अलग जगह फेंक देते हैं जिसका दुष्परिणाम पर्यावरण के में क्षय के रूप में आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। आप सभी मिलकर जनता को जागरुक करें और अपने विभाग को सर्वोत्तम बनाएं।

## घने कोहरे की धुंध में छिपा ताजमहल, दीदार के लिए पर्यटक हुए परेशान

उत्तर प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है. ठंड के साथ सुबह–शाम घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है. ताजनगरी का भी यही हाल है. शुक्रवार को भी चारों ओर घने कोहरे की चादर छाई रही. जिसकी वजह से ताजमहल देखने आए पर्यटकों को मायूसी उठानी पड़ी. घने कोहरे और ठंड की वजह से ताजमहल का दीदार लोगों को ठीक से नहीं हो पा रहा है. बता दें कि सड़कों पर कोहरे की चादर छाई हुई है.वहीं मौसम विभाग ने बताया कि आगरा शहर में भी घना कोहरा देखा गया. लंदन से आई एक महिला पर्यटक स्टेफनी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के



दौरान कहा कि ताजमहल बहुत ही सुंदर है.लेकिन यहां के हवा में प्रदूषण बहुत है. उन्होंने यह भी कहा कि सुबह के वक्त जब बहुत कोहरा होता है और ताज के किनारे नदी बहती रहती है, उस वक्त ताज की बहुत ही सुंदर तस्वीर बनती है. लेकिन आप यहां के हवा में धुएं की गंध महसूस कर सकते है. आगरा में बदल गए स्कूल के टाइम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में । QI की स्थिति थोड़ी बेहतर है, जहाँ लखनऊ में शुक्रवार सुबह 7 बजे ।QI 268 दर्ज किया गया, जिसे CPCB ने खराब श्रेणी में रखा है. नोएडा में, शहर में धुंध की एक पतली परत छाई हुई थी, जहाँ ।QI 262 दर्ज किया गया, जिसे CPCB के अनुसार खराब श्रेणी में रखा गया है. सर्दी के मौसम के चलते आगरा में बच्चों के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है, जो स्कूल की क्लास अब तक 7रू30 बजे लग रही थी अब उस समय को समय को बढ़ाकर 8रू30 बजे कर दिया गया है जिससे बच्चों को स्कूल आने में परेशानी न हो.

# ड्राइवर और शख्स से विवाद के बाद बस से कूदी लड़की, भीड़ ने दोनों को जमकर कूटा

दिल्ली में डीटीसी बस में सफर करते समय महिलाओं से छेड़खानी कोई नहीं बात नहीं है. ऐसे ही एक मामले में बुधवार को एक नाबालिग लड़की खुद की आबरू बचाने के लिए चलती मिनी बस से कूद गई. मिनी बस में सवार प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ऐसा करने से पहले नाबालिग लड़की का चालक और एक अन्य शख्स से तीखी नोकझोंक हुई थी.इसके बाद नाबालिग लड़की चलती मिनी बस से कूद गई. दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार (20 नवंबर) की शाम बुराड़ी के नाथुपुरा इलाके में घटी. लोगों ने बस रोक दोनों को जमकर पीटा



दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ष्लड़की इब्रा. हिमपुर चौक पर बस में चढ़ी थी और चालक दीपक व मनोज नामक एक अन्य व्यक्ति से उसकी बहस हो गई. दीपक व मनोज दोनों एक–दूसरे को जानते थे. मौका पाकर वह चलती गाड़ी से कूदकर भागने लगी.दल्ली पुलिस ने बताया कि दो प्रत्यक्षदर्शियों को इसमें गड़बड़ी का संदेह हुआ और उन्होंने शालीमार पैलेस चौक के पास बस को रोक लिया. यौन उत्पीड़न की अफवाह फैलने के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और उसने मनोज तथा दीपक के साथ मारपीट की.पीड़िता का यौन उत्पीड़न से इनकार पुलिस अधिकारी ने कहा, पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग लड़की और दोनों पुरुषों कोचिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल ले गई. लड़की ने अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उसने यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ या उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया. चिकित्सकीय जांच से भी उसके बयान की पुष्टि हुई लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने बुराड़ी थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं केतहत प्राथमिकी दर्ज की है. अधिकारी नेबताया कि मामले में आगे की जांच जारी है.

## सारी हदें पार कर दीं, इंडिया गेट पर तौलिया लपेटकर लड़की ने किया डांस



दिल्ली के इंडिया गेट के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इसमें एक लड़की तौलिया पहनकर इंडिया गेट के सामने ठुमके लगाती नजर आ रही हैं. वीडियो वायरल होने के बाद इंटरनेट पर यूजर्स लड़की को बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं. दरअसल, सन्नति मित्रा नाम की लड़की ने @sannati__ नाम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई हुई है. इसपर वह आए दिए रील्स बनाकर पोस्ट करती हैं. अब जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें देखा जा सकता है कि दिल्ली के इंडिया गेट के सामने लड़की सफेद तौलिये में बॉलीवुड गाने श्मेरे ख्वाबों में जो आए, आके मुझे छेड़ जाए... पर डांस करती नजर आ रही हैं. लोगों ने की कार्रवाई की मांग लड़की ने इस वीडियो के साथ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस की बधाई भी दी है. वहीं इस वीडियो के सामने आने के बाद से यूजर्स बुरी तरह से भड़क गए हैं. लोग कमेंट सेक्शन में दिल्ली पुलिस से महिला के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. साथ ही लड़की को भी नसीहत देते नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने लिखा, ष्दिल्ली पुलिस से गुजारिश है ऐसे लोगों को सजा दें.ष एक अन्य ने लिखा, ष्ये क्या बकवास है, इसने तो अपनी सारी हदें पार कर दीं. ष्इंडिया गेट पर टॉवल लपेटकर डांस कर रहीं लड़की की रील ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है. लोगों का कहना है कि कोई इस प्रकार राष्ट्रीय स्मारक के सामने अभद्रता कैसा दिखा सकता है. यूजर्स इस घटना से काफी आहत है और मॉडल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं खुद को मॉडल बताती है लड़की इस वीडियो को 7 लाख के करीब व्यूज और 11 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जबकि कमेंट्स में भी 800 प्रतिक्रिया आई है. बताया जा रहा है वीडियो में दिखाई दे रही लड़की का नाम सन्नति मित्रा है, जो खुद को मॉडल और मिस कोलकाता 2017 बताती हैं. पहले भी इस लड़की का दुर्गा पूजा पंडाल का एक फोटो धड़ल्ले से वायरल हुआ था, जिसमें क्लीवेज–बारिंग टॉप पहने वो दो अन्य महिलाओं के साथ नजर आई थीं.

# डीजीपी से शिकायत के बाद भी दबंगों ने की फसल खराब

कासगंज। थाना सोरोंजी क्षेत्र के गांव में एक किसान ने अपने गांव के दबंगों की शिकायत डीएम, एसपी से लेकर डीजीपी तक की थी। इसके बाद भी आरोपियों ने किसान की गेहूं की फसल पलट दी। किसान की तहरीर पर अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।गांव अल्लीपुर बरबारा निवासी किसान अवधेश यादव का आरोप है कि वह पांच बीघा खेत का मालिक है। उसने 15 दिन पूर्व अपने खेत में गेहूं की फसल बोई थी। गांव के ही श्यामवीर, राजकुमार, इंद्रपाल, अखिलेश, जुगेंद्र और दुर्गेश ने 14 नवंबर को उसके पास आकर धमकी दी थी कि वह उसकी गेहूं की फसल को पलट देंगे।साथ ही ट्रैक्टर आदि लेकर खेत पर पहुंच गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत 112 नंबर, डीआईजी व डीजीपी से की तो पीआरवी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों को देखकर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत थाना सोरों व तहसील दिवस में की। साथ ही डीएम व एसपी को भी सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दी। इसके बाद भी आरोपियों ने 19 नवंबर की सुबह उसकी गेहूं की फसल को पलट दिया। इसकी सूचना उसने तत्काल डीजीपी व सत्यपाल दीवान को भी दी। पीड़ित का मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद उसकी रिपोर्ट थाना सोरों पुलिस ने दर्ज कर ली है।

# ठंडी रोटी ने शादी में कराया बवाल, भिड़े बराती–घराती

आगरा में शादी के दौरान तंदूर की ठंडी रोटी परोसने को लेकर बराती और घराती भिड़ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। दूल्हे की बहन बीच बचाव में घायल होकर बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के अब्बास नगर में बुधवार रात निकाह की दावत में ठंडी रोटी परोसने पर विवाद हो गया। इस दौरान घराती और बराती आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से लाठी–डंडे चलने लगे। बवाल होते देख दूल्हे की बहन बीच बचाव कराने आई, तो उसे भी अनदेखा कर दिया। झगड़े में उसके सिर में चोट लग गई, जिससे वो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। ये देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद दूल्हे की बहन और एक अन्य घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निहाल हत्याकांड दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हथियार बरामद, बाइक जब्त



देवरिया में हुए निहाल सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे तीन नामजद आरोपी में से दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मुखबिर की सूचना पुलिस टीम ने शुक्रवार की भोर में घेराबंदी कर दो नामजद आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारकर घायल कर दबोच लिया और मेडिकल कालेज में पुलिस की सुरक्षा में भर्ती कराया। बीते सात नवंबर को थाना सुरौली इलाके के ग्राम जद्दु परसिया के पास मुख्य मार्ग पर शुभम सिंह उर्फ निहाल सिंह की बाइक सवार बदमाशों ने हत्या कर दी थी। निहाल की हत्या के बाद सुरौली पुलिस ने उसकी मां गायत्री सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धडपकड़ में जुट गई। एसपी संकल्प शर्मा ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने बीते 12 नवंबर को पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें दो शूटर भी शामिल थे जिन्होंने निहाल को गोली मारने की बात स्वीकारी थी। इधर, पुलिस टीम नामजद तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी थी। इसी बीच मुखबिर ने दो के आने की सूचना दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नामजद दो आरोपी अनुराग गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता उर्फ डब्बा और आशीष पांडेय पुत्र स्व. सत्या पांडेय निवासीगण–वार्ड नंबर 16 रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली को पुलिस मुठभेड़ में दबोच लिया।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मरवटिया के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। आरोपी आशीष पाण्डेय के पास से एक पिस्टल और अनुराग गुप्ता के पास से एक देशी तमंचा और बाइक बरामद हुई है।आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मालदीव ने फिर चली भारतीयों के खिलाफ गंदी चाल

मालदीव सरकार के एक आदेश ने एक बार फिर से वहां के कुछ भारतीयों की चिंता बढ़ गई है. दरअसल, वहां भारत से उपहार में मिले डोर्नियर और हेलीकॉप्टरों को उड़ाने वाले असैन्य कर्मियों की पहचान के सार्वजनिक होने का खतरा बढ़ गया है. मालदीव के सूचना आयुक्त कार्यालय (ष्व्ब्) ने रक्षा मंत्रालय को उपहार में मिले सैन्य विमानों को ऑपरेट करने वाले भारतीय सैनिकों की जगह आए असैन्य कर्मियों की जानकारियों को सार्वजनिक करने का आदेश दिया है.मीडिया रिपोर्ट के मुता. बिक, यह आदेश मालदीव की मीडिया अधाधु की एक सूचना के अधिकार (त्ज्प्) पर जारी किया गया है. अधाधु ने 12 मई को मालदीव के सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत एक अर्जी दायर की थी ताकि पता लगाया जा सके कि उनकी नागरिक के रूप में कैसे पुष्टि की गई, उनका विवरण और उन्होंने सैन्य विमान कैसे ऑपरेट किया, लेकिन रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया.ICOM ने रक्षा मंत्रालय को दिया आदेश जब मालदीव रक्षा मंत्रालय ने पूछी गई जानकारी देने से इनकार कर दिया तब अधाधु ने मालदीव के सूचना आयुक्त कार्यालय ICOM में एक कंप्लेंट दी. तीन महीने में चार सुनवाई के बाद आईसीओएम ने रक्षा मंत्रालय के फैसले को गलत बताया. सूचना आयुक्त अहमद अहिद रशीद ने इसके बाद एक लेटर भेजते हुए मालदीव रक्षा मंत्रालय को पांच वर्किंग डे के अंदर अधाधु को पूछी गई सारी जानकारी देने का आदेश दिया.भारतीय सैनिकों की जगह असैन्य कर्मियों की हुई थी तैनाती गौरतलब है कि 10 मई 2024 को, मुइज्जू सरकार ने कहा था कि मालदीव से 76 भारतीय सैनिकों को वापस बुला लिया गया है. उनकी जगह भारत सरकार की ओर से संचालित एक रक्षा कंपनी के नागरिक कर्मचारियों को यहां रखा गया है. इन कर्मचारियों ने इन विमान को कोई बार उड़ाया है. 26 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस समारोह में, मुइज्जू ने कहा कि डोर्नियर विमान की मदद से एक मरीज को ले जाया गया था, लेकिन डोर्नियर और दो भारतीय हेलीकॉप्टरों द्वारा की गई कुल यात्राओं की संख्या की जानकारी नहीं है.

# सांड़ ने व्यक्ति को पटक–पटक कर किया लहूलुहान, ऑन द .स्पॉट हुई मौत, गौशाला में घटी खौफनाक घटनाय कोहराम

.मिर्जापुर के तेंदूहनी गांव में बीती देर रात एक आवारा सांड़ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना घर से 100 मीटर की दूरी पर हुई। ग्रामीणों के अनुसार, वह अपने गौशाला से आवारा गोवंश को भगाने का प्रयास कर रहे थे।इसी दौरान सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण मौके पर ही हरिशंकर (45) की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के छोटे भाई रविशंकर ने घटना की जानकारी देते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि सांड़ के हमले से मौत की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक हरिशंकर अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा आशीष इंटरमीडिएट में पढ़ता है, जबकि छोटा बेटा अंकित हाई स्कूल का छात्र है। घटना के बाद से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

# यूपी बोर्ड जिले के 107 केंद्रों पर परीक्षा में शामिल होंगे 84886 विद्यार्थी

मिर्जापुर। यूपी और सीबीएसई बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा कर दी है। यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगी, जबकि सीबीएसई की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगी। इसमें 10वीं की परीक्षा 10 मार्च तथा 12वीं की परीक्षा चार अप्रैल तक चलेगी।इस बार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए 84886 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया है। हाईस्कूल में परीक्षार्थियों की संख्या 44010 है, जबकि इंटरमीडिएट में परीक्षार्थियों की संख्या 40876 है। हाइ. स्कूल में 22242 बालक व 21768 बा. लिकाएं परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 22252 बालक व 18624 बालिकाएं पंजीकृत हैं। प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं जनवरी में शुरू हा. ेंगी। इस बार बोर्ड ने 107 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। हालांकि इसमें कुछ फेरबदल भी हो सकता है। केंद्रों पर आपत्तियां मांगी गई थीं। आपत्तियों के निपटारे के लिए 23 नवंबर की तिथि निर्धारित है। उसके बाद ही परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी होगी। डीआा. ईओएस राजकुमार दीक्षित कहना है कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड के निद. ेशानुसार परीक्षाएं कराई जाएंगी।इसी प्रकार सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में जिले के लगभग 7500 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिले में सीबीएसई बोर्ड से संचालित 36 विद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होते हैं। इस बार सत्र 2024–25 की 10वीं की परीक्षा में 4000 तथा 12वीं की परीक्षा में लगभग 3500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पिछले सत्र में 7571 परीक्षार्थी नौ केंद्रों पर आयोजित 10वीं व 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 10वीं के 4290 परीक्षार्थी थे, जबकि 12वीं के 3281 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। लायंस स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. एनके पांडेय ने बताया कि अभी बोर्ड से अधिकृ त सूचना नहीं मिली है। परीक्षाएं समय से होंगी।

## मणिपुर हिंसा के बीच राजनीतिक हमले तेज, CM बिरेन ने चिदंबरम को ठहराया जिम्मेदार

पिछले डेढ़ साल से हिंसा की आग में चल रहे मणिपुर में फिर एक बार तनाव बढ़ गया है. उग्र और हिंसक प्रदर्शन का दौर जारी है. यहां के कई इलाकों में बवाल का सिलसिला जारी है. यह वजह है कि सरकार ने यहां कई इलाकों में कर्फ्यू लगा रखा है. कई जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद हैं.केंद्र सरकार यहां हालात कंट्रोल करने के लिए लगातार कोशिश कर रही है. पिछले दिनों यहां सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाई गई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई बड़े फैसले भी लिए, लेकिन हालात अब भी बेक. ाबू नजर आ रहे हैं. यहां हम आपको 10 पॉइंट में बता रहे हैं क्या है मणिपुर का मौजूदा हाल.10 पॉइंट में समझिए मणिपुर का पूरा हाल

1. मणिपुर के मौजूदा हालात एक बार फिर पहले जैसे हैं. राज्य के कई इलाके हिंसा की चपेट में हैं. एक तरफ कुकी समुदाय के लोग अपनी मांग को लेकर हिंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ मैतेई समुदाय एक ही परिवार के छह लोगों की हत्या के विरोध में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सड़कों पर है.
2. मणिपुर की ताजा हिंसा की शुरुआत जिरीबाम से हुई. पहले सुरक्षाबलों की चौकी पर कुकी उग्रवादियों ने हमला किया. जवाबी कार्रवाई में कुछ उग्रवादी मारे गए. इसके बाद इन्होंने 12 नवंबर 2024 को एक ही परिवार की तीन महिलाओं और तीन बच्चों को अगवा किया. बाद में इनके शव 16 नवंबर को असम–मणिपुर सीमा पर मिले, जिसके बाद कुकी उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मैतेई समुदाय ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया.
3. मणिपुर में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने सीएपीएफ की 50 और कंपनियां भेजने का फैसला किया है. इस तरह अब राज्य में सीएपीएफ की 268 कंपनियां तैनात हो जाएंगी. इनमें पांच हजार जवानों की संख्या और बढ़ जाएगी। इस तरह, राज्य के हिंसा प्रभावित इलाकों में जवानों की तैनाती की संख्या 26,800 हो जाएगी. इन 50 कंपनियों में सबसे बड़ी संख्या सीआरपीएफ की कंपनियों की होगी, जबकि बाकी कंपनियां बीएसएफ और अन्य सुरक्षाबलों की होंगी. जो अतिरिक्त 50 कंपनी यहां जाएगी उनमें अतिरिक्त 6500 अर्धसैनिक बल होंगे. यहां पहले से ही 40,000 केंद्रीय बल मौजूद हैं.
4. प्रदर्शनकारियों ने जिरीबाम कस्बे में दो चर्च और तीन घरों में आग लगा दी. थांग. मेइबंद में प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा भवन से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर टायर जलाए.
5. मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए राज्य और केंद्र सरकार अलग–अलग कोशिशें कर रही हैं. राज्य सरकार ने हिंसा प्रभावित सात जिलों में अगले दो दिन तक इंटरनेट बंद करने का फैसला लिया है. यह आदेश 23 नवंबर तक के लिए है.
6. मणिपुर हिंसा के चलते केंद्र सरकार ने 14 नवंबर को इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, जीरोबाम, कांगपोकपी और बिश्नुपुर जिलों में सेकमाई, लामसांग, लामलाई, जीरीबाम, लीमखोंग और मोईरांग पुलिस थाना के अंतर्गत आते इलाकों में ।थ्ैच्। लगाया था. मणिपुर की राजधानी इंफाल (पूर्व और पश्चिम), विष्णुपुर, थाउबल और काकचिंग जैसे जिलों में 16 नवंबर को अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था.
7. नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने सीएम बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते हुए रविवार (17 नवंबर 2024) को बीजेपी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था.
8. इस बीच बीजेपी की मणिपुर इकाई में दरार मंगलवार (19 नवंबर2024) को और गहरी हो गई. 37 में से 19 बीजेपी विधायकों ने मंगलवार को हुई सीएम बीरेन सिंह की अध्यक्षता में हुई एनडीए की बैठक में हिस्सा नहीं लिया. इन विधायकों में दोनों समुदायों के नेता शामिल थे.
9. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मणिपुर के सीएमएन बीरेन सिंहने राज्य में हिंसा के लिए कांग्रेस और उनके नेता पी चिदंबरम को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा है, "जब वो तत्कालीन कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री थे और ओकराम इबोबी सिंह (मणिपुर के) सीएम थे तो वो म्यांमार के जोमी रिवोल्यूशनरी आर्मी के अध्यक्ष थांगलियानपाउ गुइते को मणिपुर लेकर आए थे. यह संगठन म्यांमार में प्रतिबंधित है."

10. अशांति के बीच सिंह ने न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया है, हालांकि उनके इस रुख के कारण कुकी–जो विधायकों और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम जैसे राजनीतिक नेताओं के साथ उनका टकराव हुआ है.

# कोचिंग सेंटर में छात्रा से हैवानियत अलीगढ़ में भीड़ ने किया बवाल

# जीप पर फेंके पत्थर संचालक कमरे में हुआ बंद

यूपी के अलीगढ़ में कोचिंग सेंटर में छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस पर भीड़ ने जमकर बवाल किया। पुलिस जीप पर पत्थर भी फेंके। भीड़ का गुस्सा देख सेंटर संचालक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। पुलिस ने दरवाजा काटकर उसे निक.
ाला।अलीगढ़ के सुरेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर में एक 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म किया गया। गुस्साए छात्र–छात्राओं और भीड़ ने कोचिंग सेंटर को घेर लिया। इससे घबराए संचालक ने खुद को सेंटर में बंद कर लिया। भीड़ ने भी दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकालने की कोशिश की। बाद में पहुंची पुलिस ने दरवाजा काटकर उसे बाहर निक.
ाला।जब पुलिस उसे थाने ले जाने लगी तो भीड़ ने उसे पुलिस के कब्जे से खीं.
चने की कोशिश की। पुलिस की जीप पर भी पत्थर फेंके गए। बाद में संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने जब सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया तब भीड़ शांत

**यूपी के अलीगढ़ में एक महिला ने अपने पति का कारनामा सारी दुनिया को बता दिया. महिला का पति ट्यूशन के नाम पर छात्राओं का शोषण करता था.**

हवीं के छात्र–छात्राओं को परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। यहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक बैच चलते हैं। बृहस्पतिवार शाम को करीब पांच बजे इस कोचिंग में तैयारी करने वाले छात्र–छात्राएं और इनके परिजन इकट्ठा हो गए। हंगामा शुरू हो गया।संचालक पर एक छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोप लगा। गुस्साई भीड़ कोचिंग सेंटर के भीतर घुसने लगी। इस पर संचालक धनंजय ने खुद को क्लासरूम में बंद कर लिया। खबर पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल कमरे का गेट काटकर कोचिंग संचालक को बाहर निकाला। पुलिस उसे जब थाने ले जाने लगी तो भीड़ ने पुलिस की जीप पर पत्थर फेंकने शुरू



कर दिए। इस मामले को लेकर थाने पर भी भीड़ जुट गई। बड़ी संख्या में भा.
जपाई भी पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी संचालक से पूछ.
ताछ की जा रही है।संचालक की पत्नी भी पहुंच गई थी सेंटर पर कोचिंग संच.
ालक की पत्नी को भी छात्र–छात्राओं ने उसके व्यवहार की जानकारी दी थी। कई बार बताया था कि उसका व्यवहार ठीक नहीं है। गलत तरीके से बात करता है। बृहस्पतिवार को भी विद्यार्थियों ने उसकी पत्नी को बुला लिया था।

बताया जाता है कि बृहस्पतिवार शाम को भी कोचिंग संचालक एक 12वीं की छात्रा के साथ गलत व्यवहार कर रहा था। इसी बीच कुछ छात्रों ने संचालक की पत्नी को फोन पर सूचने दे दी थी। संचालक की पत्नी भी कुछ ही देर में यहां पहुंच गई थी। उसने भी वहां शोर मचाना शुरू कर दिया कि वह अपने पति को पुलिस के हवाले करेगी। लेकिन जब पुलिस पहुंची तो वह भी उसके बचाव में उत्तर आई।छात्राओं से आए दिन करता था छेड़छाड़ इस सेंटर में पढ़ने वाली छात्राओं ने पुलिस को बताया कि संच.
ालक धनंजय छात्राओं के साथ आए दिन छेड़छाड़ करता था। उनके साथ गलत व्यवहार करता था। जिस छात्रा के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ है उससे भी पिछले आठ महीने से गलत व्यवहार कर रहा था। यहां के छात्रों ने बताया की कोचिंग समाप्त होने के बाद भी अतिरिक्त पढ़ाई काझांसा देकरछात्राओं को रोकता था।जब वह विरोध करती थीं तो उन्हें धमकाता था।कोचिंग के सेंटर संचालक धनंजय को हिरासत में लिया गया है, पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमादर्ज करआगे की कार्रवाई की जा रही है।–मयंक पाठक, सीओ तृतीय

## खैर उपचुनाव कल दोपहर तक हो जाएगा साफ, कौन होगा खैर का विधायक, पहला रुझान सुबह 8:30 बजे आएगा

अलीगढ़ के खैर विधानसभा उपचुनाव में मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई हैं। प्रशासनिक स्तर से भी धनीपुर मंडी में 23 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारी शुरू कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम पंकज कुमार ने बताया कि 23 नवंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। इसके लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। दोपहर तक साफ हो जाएगा कि नया विधायक कौन होगा। मतगणना में ईवीएम से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके लिए प्रशिक्षण में सेवा निर्वाचकों को पोस्टल बैलट पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। जिनकी गणना के लिए चार टीमें बनाईं गई हैं। डाक मतपत्रों की गणना के लिए टेबल पर स्कैनिंग का कार्य होगा, जिस पर प्रत्याशी के साथ ही उसका एक ही एजेंट मौजूद रह सकेगा। उन्होंने बताया कि संभावना है कि कुल 426 पोलिंग बूथों की मतगणना दोपहर एक बजे तक पूरी हो सकेगी। इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।एडीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी के बीच कड़ी सुरक्षा में मतगणना का कार्य होगा। प्रत्याशी यह सुनिश्चित कर लें कि सभी एजेंट मतगणना से एक घंटे पूर्व मतगणना हॉल में उपस्थित हों। मतगणना की राउंडवार जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर वीडियोग्राफी, सीसीटीवी निगरानी, एजेंटों के प्रवेश के लिए आवश्यक प्रक्रिया, वाहन पार्किंग, पानी, शौचालय, बैठने आदि की व्यवस्थाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है। बिना जांच पड़ताल के किसी भी व्यक्ति को मतगणना स्थल



में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने धनीपुर मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के सारे इंतजाम देखे और अधीनस्थों को दिशा–निर्देश जारी किए। धनीपुर मंडी में त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

– सुबह 6:30 बजे सबसे पहले खुलेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम
– सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, पहला रुझान सुबह 8रू30 बजे आएगा
– सबसे पहले डाक मत पत्रों की गणना आरओ टेबल पर प्रारंभ की जाएगी, फिर ईवीएम में पड़े मतों को गिना जाएगा
– ईवीएम के वोटों की 14 टेबल पर होगी गिनती
–01 टेबल पर मतगणना के आंकड़ों का पूरा होगा मिलान
– आरओ कक्ष में लगेंगी 04 टेबल जिन पर होगी पोस्टल बैलेट की गिनती
– मतगणना में मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे मतगणना कार्मिक एवं अधिकारी
– धनीपुर मंडी में प्रवेश के समय कूपन से जमा होंगे मोबाइल फोन, कूपन दिखाने पर ही वापस मिलेंगेमतगणना को लेकर कल शहर में कई रास्ते बंद तो कई बदलेंगे खैर उपचुनाव मतगणना को लेकर 23 नवंब को धनीपुर मंडी में होने वाली मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मतगणना स्थल के अलावा बाहर तक चप्पे–चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। एटा चुंगी से लेकर बौनेर तिराहा तक नो ट्रैफिक जोन रहेगा। धनीपुर मंडी की ओर आने वाले कुछ रास्ते बंद रहेंगे तो कई का रूट बदला रहेगा।23 नवंबर को केवल मतगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, का.
र्मिक, मीडियाकर्मियों, प्रत्याशियों व एजेंट को आवागमन की छूट रहेगी।

पासधारकों को मंडी तक पहुंचने के लिए लगे विभिन्न बैरियरों पर चेकिंग का घेरा पार करना होगा तब ही उन्हें मतगणना स्थल में अंदर जाने दिया जाएगा। एसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि मतगणना को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया जाएगा।

## ठंड ने बाजार में बढ़ाई गर्मी, एक सप्ताह में डेढ़ करोड़ के हीटर और गीजर बिके

अलीगढ़ शहर के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक मार्केट मामू भांजा, रेलवे रोड, सेंटर प्वा.
इंट, नौरंगाबाद आदि इलाकों में लोगों को हीटर, गीजर की खरीदारी करते देखा गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश ने बताया कि नवंबर के दूसरे सप्ताह में जिले में लगभग 500 वाशिंग मशीन बिक चुकी हैं। इसमें एक हजार से ज्यादा तो गीजर है। इसके अलावा रूम हीटर, पानी की रॉड की भी मांग अच्छी है। कारोबारियों के अनुसार जैसे–जैसे ठंड बढ़ेगी, तापमान गिरेगा इलेक्ट्रिक उत्पादों की खरीदारी में और इजाफा होगा। अभी बाजार में पुराना स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए इन उत्पादों पर मूल्य वृद्धि नहीं हुई है।ऑनलाइन की अपेक्षा घरेलू बाजार में सस्त इस बार घरेलू बाजार में ऑनलाइन बाजार के मुकाबले उत्पाद सस्ते मिल रहे हैं। कंपनियों ने इसकी तैयारी पहले से ही कर ली थी। ऑनलाइन कंपनियां जो सेल लगाती है इससे व्यापार कमजोर होता है। ये कंपनियां भारत का पैसा विदेश ले जाने का काम कर रही हैं। जिससे लोकल बाजार काफी प्रभावित होता था। लेकिन, अब बाजार पर इसका असर कम है दिसंबर में 15 फीसदी तक बढ़ सकते हैं दाम कारोबारियों की मानें तो दिसंबर में हीटर, गीजर आदि के दाम में 10–15 फीसदी तक बढ़ सकते हैं, क्योंकि बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है। इसके अलावा अभी कंपनियों ने इन उत्पादों पर मूल्य वृद्धि नहीं की है। लेकिन, दिसंबर में नया स्टॉक आ जाएगा, जिस पर 15 फीसदी तक की वृद्धि हो जाएगी।पूरे जिले में 350 से अधिक इलेक्ट्रिक की दुकानें हैं। 15–20 बड़े गोदाम हैं। सर्दी की शुरुआत में ही हीटर, गीजर, पानी की रॉड आदि की मांग बढ़ गई है। पूरे जिले में करीब डेढ़ करोड़ से अधिक के उत्पाद बिक गए हैं। – विनोद पीएल, संयुक्त महामंत्री, इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन अलीगढ़

ठंड बढ़ने से पिछले एक सप्ताह में पूरे जिले में करोड़ों रुपये के हीटर, गीजर, प्रेस, वाशिंग मशीन आदि बिक गए हैं। अभी मूल्य वृद्धि नहीं हुई है। दिसंबर में 15 फीसदी तक दाम बढ़ सकते हैं। – मास्टर ओमप्रकाश, अध्यक्ष, व्यापार मंडल
सर्दी के मौसम में इलेक्ट्रिक बाजार पूरी तरह से गर्म हो चुका है। लोग हीटर, गीजर, पानी की रॉड आदि की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।
– सचिन महाजन, कारोबारी

| उत्पाद | दाम |
|---|---|
| गैस गीजर | 3 हजार से शुरू |
| इलेक्ट्रिक गीजर | 5 हजार से शुरू |
| रूम हीटर | एक हजार से शुरू |
| ब्लोअर | एक हजार से शुरू |

## अलीगढ़ में भी सीएनजी हो सकती है मंहगी, लखनऊ-आगरा में बढ़ चुके हैं दाम

**अलीगढ** 21 नवंबर को लखनऊ व आगरा में सीएनजी के दामों में करीब 2.
75 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मूल्य वृद्धि हुई है। जिसके बाद दोनों स्थानों पर अब सीएनजी 96.75 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसको लेकर अलीगढ़ में भी संशय बना हुआ है।लखनऊ और आगरा में सीएनजी के दाम बढ़ने के साथ ही अलीगढ़ में भी इसके दाम बढ़ने को लेकर संशय बना हुआ है। पंप संच.
ालकों की मानें तो अगले दो–तीन दिन में अलीगढ़ में भी सीएनजी के दाम बढ़ सकते हैं।लखनऊ और आगरा में सीएनजी के दाम बढ़ने के साथ ही अलीगढ़ में भी इसके दाम बढ़ने को लेकर संशय बना हुआ है। पंप संचालकों की मानें तो अगले दो–तीन दिन में अलीगढ़ में भी सीएनजी के दाम बढ़ सकते हैं।21 नवंबर को लखनऊ व आगरा में सीएनजी के दामों में करीब 2.
75 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मूल्य वृद्धि हुई है। जिसके बाद दोनों स्थानों पर अब सीएनजी 96.75 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसको लेकर अलीगढ़ में भी संशय बना हुआ है। अलीगढ़ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मंगल ने बताया कि अलीगढ़ जिले में करीब 15 सीएनजी पंप हैं। यहां बुलंदशहर के अदानी गैस प्लांट से सप्लाई आती है। लखनऊ और आगरा में दूसरी कंपनियां सेवा प्रदान करती हैं। आसपास के इलाके होने के कारण अलीगढ़ में भी अगले दो–तीन दिन में सीएनजी पर मूल्य वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। फिलहाल अलीगढ़ में दूसरे जिलों की तुलना में सीएनजी 3 से 5 रुपये किलो तक सस्ती है।

## 26 व 27 नवंबर को मुख्य डाकघर में लगेगा पासपोर्ट मेला

अलीगढ़ नागरिकों को पासपोर्ट सम्बंधी सेवाएं अत्यंत सुलभ रूप से एवं समयबद्ध तरीके से प्रदान करने के क्रम में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र अलीगढ़ में ष्पासपोर्ट मेलाष आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे आवेदक जिन्होंने पासपोर्ट सम्बन्धी सेवाओं हेतु डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र अलीगढ़ में आवेदन किया था, लेकिन किन्हीं कारणों से उनकी फाइल लम्बित है, ऐसे आवेदक 26 एवं 27 नवंबर को डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, मुख्य डाकघर,



एन.एच. 509, सिविल लाइन्स, अलीगढ़, उ.प्र.–202001 में दोपहर 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक पहुँचकर अपनी लम्बित फाइल का निस्तारण करवा सकते हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी श्री अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा द्वारा बताया गया कि आवे.
दकों को सलाह दी जाती है ष्पा.
सपोर्ट मेलाष का लाभ उठाने के लिए कार्यालय जाते समय अपने समस्त सम्बंधित दस्.
तावेज (मूल प्रति एवं छाया प्रति) लेकर उपस्थित हों, जिससे आवश्यक कार्यवाही समय पर सम्भव हो सके

## एडीएम वित्त ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए ईंट-भट्टा संचालकों को दिए निर्देश

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी वित्त मीनू राणा ने जिले की पर्यावरणीय वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए समस्त ईंट भट्टा स्वामियों को निर्देशित किया है कि ईंट–भट्टा जिग–जैग पद्धति से संचालित होंगे। ईट–भट्टा स्थल एवं मिट्टी के खनन वाले स्थान पर पानी का छिड़काव कराते रहें ताकि हवा में धूल के उड़ने से प्रदूषण न हो। उन्होंने कहा कि पलोथन के लिए परिवहन किये जाने वाली मिट्टी को तिरपाल या ग्रीननेट से ढ़ककर लाया जाना सुनिश्चित करेंगे। एडीएम ने निद.
ेश दिए कि सीमावर्ती जिले बुलन्दशहर, मथुरा, एटा, हाथरस एवं कासगंज के मार्ग से उपखनिजों से लोड जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहन चालक ट्रांसपोर्टर्स उपखनिजों पर पानी का छिड़काव कराकर एवं तिरपाल या ग्रीन.
नेट से ढककर ही खनिज का परिवहन करेंगें।अपर जिलाधिकारी वित्त मीनू राणा द्वारा जिले में वायु प्रदूषण को कम करने एवं पर्यावरणीय वायु गुणवत्ता में सुधार के संबंध में दिए गए निर्देशों के क्रम में अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान एवं कार्यवाहि आरंभ कर दी गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रवेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी डॉ0 ज्योति मिश्रा एवं मथुरा प्रसाद द्वारा जिले में संचालित जागरूकता एवं निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बिना तिरपाल से ढके 7 वाहनों के चालान किये गये एवं 2 वाहनों को सीज किया गया है। एआरटीओ ने निर्माण सामग्री का आवागमन करने वाले सभी वाहन स्वामियों एवं चालकों को सचेत किया है कि वह तिरपाल ढ़ककर ही मिट्टी, बालू का आवागमन सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में प्रवर्तन की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# काल भैरव जयंती पर शिव के उग्र स्वरूप की पूजा का विधान है

हर महीने की कृष्णदृपक्ष की अष्टमी तिथि प्रभु काल भैरव को समर्पित होती है. इस दिन काल भैरव की पूजा की जाती है, लेकिन मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी का विशेष महत्व है. इस दिन भगवान काल भैरव का अवतरण हुआ था.ग्रंथों में काल भैरव को भगवान शिव का ही स्वरूप माना गया है, लेकिन इन्हें काशी का कोतवाल भी कहा जाता है. अपने भक्तों के लिए भैरव कृपालु, कल्याणकारी और शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं, जबकि गलत काम करने वालों के लिए ये दंडनायक हैं.

चलिए अब कालदृभैरव और कालदृभैरव जयंती पर शास्त्रीय पक्ष जानते हैं. शिव पुराण शतरुद्रसंहिता 8.2 (भैरवः पूर्णरूपो हि शङ्करस्य परात्मनः ।) अनुसार, कालदृभैरव जी परमात्मा शंकर के पूर्णरूप हैं, शिवजी की माया से मोहित मूर्ख लोग उन्हें नहीं जान पाते.कालदृभैरव जयंती का उल्लेख आपको शिव पुराण शतरुद्रसंहिता 9.30 में मिलता हैंरू दृकृष्णाष्टम्यां तु मार्गस्य मासस्य परमेश्वरः । आविर्बभूव सल्लीलो भैरवात्मा सतां प्रियः 63अर्थातरू दृ सुन्दर लीला करने वाले, सज्जनों के प्रिय, भ.ैरवात्मा परमेश्वर शिव मार्गशीर्ष मास के कृष्णपक्षकी अष्टमी तिथि को आविर्भूत हुए. इसके अगले श्लोक में वर्णित हैं की, जो मनुष्य मार्गशीर्ष मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को कालदृभैरव की सन्निधिमें उपवास करके जागरण करता है, वह महान पापोंसे मुक्त हो जाता है.जो मनुष्य अन्यत्र भी भक्तिपूर्वक जागरण के सहित इस व्रत को करेगा, वह महापापों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त कर लेगा. प्राणी के द्वारा लाखों जन्मों में किया गया जो पाप है, वह सभी कालभैरव के दर्शन करने से लुप्त हो जाता है. जो कालभैरव के भक्तोंका अपराध करता है, वह मूर्ख दुःखित होकर पुनः–पुनः दुर्गति को प्राप्त करता रहता है. कारागार में पड़ा हुआ अथवा भयंकर कष्टमें फँसा हुआ प्राणी भी भैरवकी भी भक्ति करके पापों से छुटकारा पाता हैं.काशी में रहने वालों के लिए इस दिवस पुजन करना अनिवार्य हैं क्योंकि शिव पुराण शतरुद्रसंहितायां 1.70 अनुसाररू कालराजं न यः काश्यां प्रतिभ.ूताष्टमीकुजम् । भजेत्तस्य क्षयं पुण्यं कृष्णपक्षे यथा शशी।।अर्थातरू दृजमंगलवार, चतुर्दशी तथा अष्टमी के दिन काशी में रहने वाले कालराज (कालभैराव) का भजन नहीं करता है, उसका पुण्य कृष्णपक्ष के चन्द्रमा के समान क्षीण हो जाता है.शिव पुराण शतरुद्रसंहितायां 9.5 अनुसार, भयंकर आकृतिवाले कालदृभैरवके उस क्षेत्रमें प्रवेश करनेमात्र से ही ब्रह्महत्या उसी समय हाहाकार करके पातालमें चली गयी.भैरव शब्द का अथर्रू दृभया सर्वम् रवयति सर्वदो व्यापकोऽखिले । इति भ.ैरवशब्दस्य सन्ततोच्चारणाच्छिवः 130 (विज्ञानभैरव तन्त्रम)अर्थातरू दृ 'भैरव' शब्द उसका अर्थ है जो सभी भय और आतंक को दूर कर देता है, जो चिल्लाता और रोता है, जो सब कुछ देता है, और जो पूरे ब्रह्मांड में व्याप्त है. जो व्यक्ति लगातार भैरव शब्द का जप करता है वह शिव के साथ एक हो जाता है.काल भैरव से जुड़ी कुछ भ्रांतियांरू दृ कई लोग भगवान कालदृभैरव के नाम पर मदिरा पान (शराब) का सेवन करते हैं. ये महान लोग कहते हैं की क्योंकि भग.वान कालदृभैरव को शराब चढ़ाई जाती हैं इसलिए इसका सेवन हमें भी करना चाहिए. चलिए इन महात्माओं का शास्त्रीय खंडन करते हैं 4 उदाहरण देकर1– पहला प्रमाण काली तंत्र से देता हूं. यह सच है कि तंत्रों में मदिरा (मद्यपान) का वर्णन कई बार आया हैं, लेकिन कई शब्दों का अर्थ का गूढ़ रहस्य होता है और तंत्र विद्या तो गुरुदृशिष्य परंपरा से पढ़ी जाती हैं, अगर ऐसा ना हुआ तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है. आचार्य राजेश दीक्षित द्वारा संपादित काली तंत्र अध्याय क्रमांक 1 अनुसार, मद्यपान का आशय है– कुंड.लिनी को जगाकर ऊपर उठायें तथा षट् चक्र का भेदन करते हुए सहस्रार में ले.जाकर, शिव–शक्ति की समरसता के आनन्दामृत का बारम्बार पान करना चहिए.कुण्डलिनी की मूलाधार चक्र अर्थात पृथ्वी तत्व से उठाकर सहस्त्रार में से जाने से जिस आनन्द रूपी अमृत की उपलब्धि होती है, यही श्मद्यपानश है और ऐसे अमृत रूपी मद्य का पान करने से पुनर्जन्म नहीं होता। इससे प्रमाणित होता हैं की मदिरा पान का अर्थ तंत्रों में अलग अर्थ हैं.2– दूसरा प्रमाण हरित स्मृति से दे रहा हूं जहां से वर्णित हैं की जो भग.वान के कर्मकाण्ड कार्य हैं वह मनुष्यों को नहीं करने चाहिएरू दृअनुष्ठितं तु यद्देवैर्मुनिभिर्यदनुष्ठितम्। नानुष्ठेयं मनुष्यैस्तत्तदुक्तं कर्म आचरेत् (हरित स्मृति)अर्थातरू दृदेवताओं और ऋषियों द्वारा जो भी कुछ उपरोक्त कर्मकाण्ड किया गया था वे मनुष्यों को नहीं करना चाहिए.3– तीसरा प्रमाण महाभारत से दे रहा हूं जहां भगवान शिव साक्षात पार्वती को शराब पीने वालों की निंदा और उसका दंड बताते हैं. महाभारत अनुशासन पर्व अध्याय क्रमांक 145 अनुसार, भगवान शिव कहते हैं ष्हे पार्वती अब मैं मदिरा पीने के दोष बतलाता हूँ, मदिरा पीने वाले उसे पीकर नशे में अट्टहास करते हैं, अंट–संट बातें बकते हैं, कितने ही प्रसन्न होकर नाचते हैं और भले–बुरे गीत गाते हैं.वे आपस में इच्छानुसार कलह करते और एक दूसरे को मारते–पीटते हैं. कभी सहसा दौड़ पड़ते हैं, कभी लड़खड़ाते और गिरते हैं। वहाँदृजहाँ कहीं भी अनुचित बातें बकने लगते हैं और कभी नंग–धडंग हो हाथ–पैर पटकते हुए अचेत–से हो जाते हैं। जो महामोह में डालनेवाली मदिरा पीते हैं, वे मनुष्य पापी होते हैं. पी हुई मदिरा मनुष्य के धैर्य, लज्जा और बुद्धिको नष्ट कर देती हैं. इससे मनुष्य निर्लज और बेहया हो जाते हैं.शराब पीने वाला मनुष्य उसे पीकर बुद्धि का नाश हो जानेसे कर्तव्य और अकर्तव्यका ज्ञान न रह जाने से, इच्छानुसार कार्य करने से तथा विद्वानों की आज्ञा के अधीन न रहने से पाप को ही प्राप्त होता है।

मदिरा पीने वाला पुरुष जगत् में अपमानित होता हैं. मदिरा पीने वाले मित्रों में फूट डालता हैं, सब कुछ खाता और हर समय अशुद्ध रहता हैं.वह स्वयं हर प्रकार से नष्ट होकर विद्वान् विवेकी पुरुषों से झगड़ा किया करता है. सर्वथा रूखा, कड़वा और भयंकर वचन बोलता रहता हैं. वह मतवाले होकर गुरुजनो से बहकी–बहकी बातें करता हैं, परायी स्त्रियों से बलात्कार करते हैं, धूर्तों और जुआरियों के साथ बैठकर सलाह करते हैं और कभी किसी– की कही हुई हितकर बात भी नहीं सुनता हैं. इस प्रकार मदिरा पीनेवाले में बहुत–से दोष हैं.वे केवल नरक में जाते हैं. इसलिये अपना हित चाहनेवालेसत्पुरुषों ने मदिरा पान का सर्वथा त्याग किया हैं. यदि सदाचार की रक्षा– के लिये सत्पुरुष मदिरा पीना न छोड़े तो यह सारा जगत् मर्यादारहित और अकर्मण्य हो जाय (यह शरीर– सम्बन्धी महापाप हैं)। अतः श्रेष्ठ पुरुषोंने बुद्धिकी रक्षाके लिये मद्यपान को त्याग देष्इससे यह प्रमाणित होता हैं की शिव जी स्वयं नशा का विरोध कर रहे हैं. कई लोग शिव जी द्वारा 'महाभारत' मे कही गई बात को भी नकारेंगे और तर्क पर आधारित बात करेंगे.4 – चलिए फिर हम भी तर्क से आपको पूछते हैं की भगवान शिव ने विष का भी सेवन किया था तो क्या आप विषदृपान भी करेंगे? नहीं ना? तो फिर भगवान शिव या भैरवा के नाम पर शराब पीना बंद करिए. आपको शराब पीना हैं तो वह आपकी निजी विकल्प हैं.काल भैरव जयंती के दिन बाबा काल भैरव जी की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है. आगे हम जानते हैं काल भैरव जयंती की पूजा का मुहूर्त और महत्व क्या है.पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 23 नवंबर 2024 दिन शनिवार को होगी.इस दिन सन्ध्या को किसी मंदिर में जाकर भगवान भैरव की प्रतिमा के सामनेचौमुखा दीपक जलाना चाहिए. फिर फूल,इमरती, जलेबी, उड़द, पान, नारियल आदि चीजें अर्पित करनी चाहिए.वहीं बैठकरकालभैरव भगवान की चालीसा को पढ़ें. पूजन पूर्ण होने के बाद आरती करें और जानें–अनजाने हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगे..आप काल भैरव को प्रसन्न करना चाहते हैं तो इनकी जयंती के दिन काले कुत्ते को भोजन खिलाएं.

## दुनिया में सिर्फ 2 ही ऐसे मंदिर हैं...यहां ब्रह्मा सरस्वती दोनों ही विराजमान हैं

नलगोंडा, तेलंगानारू श्री ब्रह्मा सरस्वती मंदिर काकतीय काल का एक अद्भुत उदाहरण है, जो सूर्यापेट जिले के पलामरी गांव में स्थित है. इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसमें भगवान ब्रह्मा और देवी सरस्वती की मूर्तियाँ एक ही पत्थर पर उकेरी गई हैं. यह मंदिर दुनिया में भगवान ब्रह्मा के केवल दो मंदिरों में से एक होने का गौरव प्राप्त करता है. यहाँ भगवान ब्रह्मा और देवी सरस्वती दोनों की पूजा की जाती है, जो इस मंदिर को और भी खास बनाती है.

काकतीय काल का ऐतिहासिक धरोहर

12वीं शताब्दी में काकतीय राजा गणपतिदेव के शासनकाल के दौरान, जागीरदार राजा रामिरेड्डी और बेथिरेड्डी ने इस मंदिर का निर्माण कराया था. काकतीय वास्तुकला का यह मंदिर त्रिक्कुटेश्वर मंदिर के साथ मिलकर काकतीय काल की स्थापत्य कला का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है. इस मंदिर में एक अनोखा अनुष्ठान भी है, जिसमें देवी को सजाई गई साड़ी उन भक्तों को लौटा दी जाती है जिन्होंने इसे बिना किसी आवाज के गाया है. यह भक्तों की गहरी भक्ति को दर्शाता है.

विशेष पूजा और आयोजन मंदिर में विशेष रूप से मूल नक्षत्र के दिन पूजा, कुमकुमरचना, श्री चंडी होम और अक्षराभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. यह अनुष्ठान मंदिर की आध्यात्मिक शक्ति को और प्रबल करता है और भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है.शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष शर्मा ने बताया कि यहाँ बच्चों को साक्षरता सिखाने से उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार होता है. भक्तों का मानना है कि सरस्वती पूजा न केवल शैक्षिक उन्नति में मदद करती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है. यह मंदिर हैदराबाद से विजयवाड़ा के रास्ते पर, राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर, सूर्यापेट से 5 किमी दूर पलामरी गांव में स्थित है. पर्यटक आसानी से इस तीर्थस्थल पर पहुंच सकते हैं.काकतीय काल की धार्मिक धरोहर

यह गांव काकतीय काल से ही अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है. पुजारियों का कहना है कि देवी सरस्वती की स्थापना के पीछे इस मंदिर का उद्देश्य भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी करना था. यह भी कहा जाता है कि जो बच्चे यहाँ पढ़ाई के लिए आते हैं, उनका शिक्षा के साथ–साथ स्वास्थ्य भी बेहतर होता है. काकतीय मूर्तियों और आध्यात्मिक वैभव से भरपूर यह मंदिर भक्तों को एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है.एक श्रद्धा का केंद्र बालसामारी श्री ब्रह्मा सरस्वती मंदिर न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि यह भक्तों के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी है. यहाँ आने वाले लोग न केवल आध्यात्मिक शांति प्राप्त करते हैं, बल्कि यह स्थान उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाता है.




## मेष, वृषभ, मिथुन राशि वालों का दिन रहेगा शानदार , जानें 22 नवंबर आज का राशिफल

आज का राशिफल यानि 23 नवंबर2024, शनिवार का भविष्यफल विशेष है.देश के प्रसिद्ध भविष्यवक्ता और कुंडलीविश्लेषक डॉ. अनीष व्यास से जानते हैं

आपका दैनिक राशिफल

**मेष राशि**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा आप किसी बात विवाद में फंस सकते हैं तथा आपका अपने अधिकारी वर्गों से मतभेद हो सकते हैं, जिस कारण आपको कार्यक्षेत्र में प्रॉब्लम आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम के कारण स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी. व्यापार के लिए आज का दिन सामान्य है. आर्थिक स्थिति में ज्यादा अंतर दिखाई नहीं पड़ेगा. परिवार में पत्नी और बच्चों के लिए मन में चिंताएं बनी रहेगी.

**वृषभ राशि**

आज का दिन आपके लिए कुछ अच्छा रहने वाला है, आपके अंदर एक पॉजिटिव ऊर्जा काम करती दिखाई देगी. आज आप नेगेटिव थॉट से बचें, यह आपके लिए अच्छे रहेगा. किसी नए कार्य की शुरुआत करना आज आपके लिए अच्छा रहेगा, परंतु काम का सीक्रेट किसी के साथ शेयर न करें. आज आप जिस आर्थिक मदद के लिए प्रयास कर रहे हैं, वह आपको प्राप्त हो सकती है. व्यापार–व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी. अधिकारी वर्ग आपके व्यवहार से संतुष्ट रहेंगे. परिवार में पुराने मतभेद दूर होकर आपसी सामंजस्य बनेगा.

**मिथुन राशि**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है, जिस कारण आपका मन प्रसन्न दिखाई देगा. आज आपका कोई बहुत पुराना रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है, जिससे बड़े आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी. नौकरी वर्ग के लोगों के लिए विशेष पदोन्नति मिल सकती है. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. पत्नी और बच्चों के लिए आज आप शॉपिंग आदि कर सकते हैं.

**कर्क राशि**

आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानी वाला हो सकता है. आज आपको लोन आदि चुकाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है, जिस कारण आपको कहीं अपमानित भी होना पड़ सकता है. आज आर्थिक क्षेत्र में ज्यादा उल–फेर करना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा. व्यापार–व्यवसाय में कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह विचार कर लें. परिवार में किसी अपने का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. आज आप अपने भी स्वास्थ्य का ख्याल रखें, पत्नी से चल रहे हैं मतभेद कम होंगे.

**सिंह राशि**

आज आपका मन अशांत रहेगा, जिसका एक कारण आपका स्वास्थ्य भी हो सकता है. आज स्वास्थ्य के चलते आपको कुछ समस्याएं महसूस होगी. परिवार में किसी अपने का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है. व्यापार–व्यवसाय में स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन किसी नुकसान की संभावना नहीं दिखती. आज आपका पारिवारिक मैटर से आपका मन परेशान रह सकता है. परिवार के लोग आपके विरोध में आ सकते हैं.

**कन्या राशि**

आज का दिन आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आने वाला रहेगा. आज आपके परिवार में किसी का जॉब लगने से आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार दिखाई पड़ेगा, जिस कारण घर में एक खुशी का माहौल देखने को मिलेगा. यदि आप नौकरी करते हैं, तो आपको अपने अधिकारी वर्ग से सपोर्ट प्राप्त होगा. व्यापार–व्यवसाय में भी स्थिति ठीक रहेगी. यदि आज कोई बड़ा कार्य शुरू करने का विचार मन में है, तो आप कर सकते हैं. परिवार में विवादों में विराम लगेगा, आज आप परिवार के साथ उसकी सहज महसूस करेंगे.

**तुला राशि**

आज आप कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने का मन में विचार बना सकते हैं, जो सफल होगा, साथ ही आपको नौकरी में आपके अधिकारी वर्गों से विशेष सम्मान और पदोन्नति प्राप्त हो सकती है. आर्थिक दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा. व्यापार के क्षेत्र में आपको ही बड़ी समझौता कर सकते हैं, जिससे आपको लाभ होगा आज का दिन परिवार के लिए अच्छा रहेगा। घर में कोई नया मेहमान आ सकता है, साथ ही परिवार के लोगों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है.

**वृश्चिक राशि**

आज आप किसी नए कार्य के लिए मन में प्लान बना सकते हैं, जिस कारण आप किसी मित्र से आर्थिक सपोर्ट मांग सकते हैं. परंतु आज आपका काम अधूरा रह सकता है, जिस कारण थोड़ा मन अशांत रहेगा. आज किसी कार्य विशेष के लिए आप पर पारिवारिक दबाव बन सकता है, जिससे आप न चाह कर भी कोई निर्णय दबाव में आकर ले सकते हैं. जिसका परिणाम आपके हित में होता दिखाई नहीं दे रहा है. परिवार में पत्नी और बच्चों के लिए आप भविष्य को देखते हुए कोई निर्णय ले सकते हैं.

**धनु राशि**

आज आप किसी कार्य को लेकर काफी परेशान होंगे, साथ ही कार्य के लिए आप कहीं बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं. आपका कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज रुक सकता है, जिस कारण आपको काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है. आज व्यापार व्यवसाय में स्थिति कुछ विपरीत दिखाई देगी. परिवार में आपसी तनाव की स्थिति निर्मित होगी. पत्नी का किसी से विवाद हो सकता है, आज बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान दिखाई देंगे.

**मकर राशि** आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहेगा. आप कोई नया कार्य करने का मन में विचार बना रहे हैं, जिसमें आपको सफलता प्राप्त होगी. आज आपका मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा रहेगा, जिस कारण घर में मांगलिक कार्य के योग बन सकते हैं या आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. नौकरी वर्ग वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. आपके अधिकारी आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे. परिवार में पैतृक संपत्ति में आपको आपका हक मिल सकता है. पत्नी और बच्चों के साथ आज का दिन अच्छा निकालने वाला है.

**कुंभ राशि**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा. आप किसी विशेष कार्य को लेकर जो योजना बना रहे हैं, वह सफल होगी. साथ ही आपको कोई महत्वपूर्ण पद से नवाजा जा सकता है, जिस कारण सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा. पारिवारिक दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहने वाला है. पुराने विवादों को भूलकर परिवार में सामंजस्य की स्थिति देखने को मिलेगी. आपको किसी विशिष्ट कार्य के लिए परिवार के साथ कहीं बाहर जाना पड़ सकता है. पत्नी के साथ आज आपके संबंध अच्छे रहेंगे.

**मीन राशि**

आज का दिन आपके लिए उतार–चढ़ाव से भरा रहेगा. व्यापार आदि को लेकर नौकरी को लेकर आपके मन में चिंताएं बनी रहेंगी. आर्थिक रूप से परेशान दिखाई देंगे. आज आप व्यापार–व्यवसाय में परिवर्तन करने से बचें. साथ ही किसी को बड़ी धनराशि आज उधर के रूप में देना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा. परिवार में कुछ बातों को इग्नोर करना आपके लिए लाभदायक रहेगा. पत्नी और बच्चों के लिए कोई भविष्य की निधि उनके नाम से सुरक्षित कर सकते हैं. आज वाहन आदि खरीदने का योग बन रहा है.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

अमित कुमार वर्मा –संम्पादक

मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट हिंदी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा